## अंतिम तिथि 20 मई

**करौली ( नि.स. )।** जिला खेल अधिकारी रमेश चन्द गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा 64वां केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आबू पर्वत सिरोही जयपुर एवं केंद्रीय जनजाति प्रशिक्षण शिविर बांसवाडा में मई-जून माह में होने जा रहे हैं। उन्होने ने बताया कि मई-जून माह में बालक-बालिका वर्ग में हैंडबाल,बास्केटबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, तीरंदाजी का 64वां केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर माउंट आबू पर्वत पर होगा। वहीं बॉलीबाल, फुटबाल, किक्रेट, जिम्नास्टिक, जूडो,हॉकी,कुश्ती,कबडडी,भारोत्तोलन एवं खो-खो का प्रशिक्षण जयपुर में होगा। वहीं वॉलीबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबडडी, हॉकी, बास्केटबॉल, खो-खो, फुटबाल, हैंडबाल का प्रशिक्षण मई-जून माह में केंद्रीय जनजाति प्रशिक्षण बांसवाडा में होगा। खेल अधिकारी ने बताया कि इन प्रशिक्षणों के लिए आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र करौली से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की वेबसाइट से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

# मां बगलामुखी का 32वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया


भरतपुर में बुधवार को मॉ श्री बगलामुखी मैया की शोभायात्रा मुख्य बाजार में होकर निकाली गई।

**भरतपुर ( निस )।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मॉ बगलामुखी का 32वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर पीताम्बरा शक्तिपीठ के महंत मोहनदास महाराज के सानिध्य में मैया की अनोखी अलबेली छटा मोहिनी रूप में भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा पीताम्बरा शक्तिपीठ किला भरतपुर से मुख्य बाजार में होकर निकली। शोभायात्रा को मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री राजस्थान सरकार जवाहर सिंह बेढम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडित रामकिशन पूर्व सांसद भरतपुर, गिरधारी तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता, डोरीलाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष पेंशनर समाज, मनोज भारद्धाज जिलाध्यक्ष भाजपा, श्याम सुन्दर गौड, देवो पंडा, विकास समिति अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा, ब्राहमण सभा के मंत्री इं. जीवनलाल शर्मा, सुभाष व्यास, आकाश मीणा, रविकांत शर्मा, मानव, डेविड, मानिक, भूपेन्द्र, सुधीर कटारा, बबलू किरार, अनिल आदि उपस्थित रहे। मॉ बगलामुखी के 32वां वार्षिकोत्सव में आए गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने पूर्व सांसद रामकिशन से शिष्टाचार मुलाकात की। शोभायात्रा मॉ पीताम्बरा शक्तिपीठ किला से चौबुर्जा, गंगा मंदिर, जामा मस्जिद, लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली होते हुए बासन गेट बाजार से गोवर्धन गेट, केतन गेट होकर वापिस किला स्थित मॉ पीताम्बरा शक्तिपीठ पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में देवी देवताओं की झांकिया शामिल हुई। मॉ बगुलामुखी का स्वरूप साक्षात देवी जैसा लग रहा था जिसमें द्वारपाल व राक्षस भी गजब दिखाई दिये जिसके पीछे बैण्ड बाजों के साथ महिलाएँ कलश लेकर पंक्तिबद्ध चल रही थीं। मॉ पीताम्बरा शक्तिपीठ के महंत मोहनदास महाराज रथ पर सवार होकर निकले। उनके साथ नौजवान भक्त झूमते नजर आये। बाहुवली हनुमानजी का स्वरूप भी किसी से कम नहीं था जिसके साथ राम दरबार, ढोल पार्टी चल रही थी। सबसे पीछे मईया की तस्वीर ट्रोली में सजी हुई थी जिसमें सभी को प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा का बाजार में जगह जगह राष्ट्रीय परशुराम सेना, अग्रवाल समाज, व्यापार संघ, लक्की साडी एम्पोरियम, तिलकधारी ज्वैलर्स सभी ने स्वागत एवं सम्मान किया। शोभायात्रा मॉ पीताम्बरा शक्तिपीठ किला से चलकर चौबुर्जा, गंगा मंदिर, लोहा बाजार, जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार, लक्ष्मण मंदिर, बडा बाजार, कोतवाली होकर बासन गेट, गोवर्धन गेट, केतन गेट होते हुए वापिस किला बगुलामुखी मंदिर पर पहूँची। यात्रा के बाद पीताम्बरा शक्तिपीठ पर भंडारे में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। तदोपरांत मईया का जागरण हुआ जिसमें संयोजक डॉ कप्तान सिंह, संस्था के अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा, मंत्री सौरभ बंसल ने मईया की आरती की एवं लालाराम एण्ड पार्टी द्वारा मईया के भक्ति गीतों से रात्रि को जागरण किया गया। इसमें गायत्री सोनी, सुनीता शर्मा, लक्ष्मी, तनु, राजेश्वरी, हेमलता, गिरीश सिंघल, मोनू गुलपाडिया, राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष नेत्रकमल मुदगल, जिलाध्यक्ष राजीव तिवारी, संजीव तिवारी, गौरव, नेमीचंद पाराशर, विष्णु पाठक आदि काफी संख्या में महिला एवं पुरूषों ने भाग लिया।

## सार-समाचार

### मुक्केबाजी प्रतियोगिता का हुआ ट्रायल


करौली के माथुर स्टेडियम मे मुक्केबाजी चयन ट्रायल के दौरान उपस्थित खिलाड़ी।

**करौली( नि.स. )।** जिला स्तरीय जूनियर मुक्केबाजी ट्रायल का आयोजन बुधवार को त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम में किया गया जिसमें चयन कर्ता अध्यक्ष निर्मला मीणा, पुष्पेंद्र शर्मा, साजिद खान, बॉबी सिंह राजावत, राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र सिंह बैंसला, धीरेंद्र बैंसला, विक्रम जगरवाल, सचिव दारा सिंह मीणा थे। इस दौरान निम्न खिलाड़ियों का चयन किया गया 44 से 46 किलो में ओम चौधरी, 48 से 50 किलो वंश सिंह जादौन, 52 से 54 किलो गुलशन, 54 से 57 किलो प्रियांशु शर्मा,57 से 60 किलो शांतनु हरदैनिया, 75 से 80 किलो सचिन सारस्वत, 81 योगेश शर्मा यह खिलाड़ी जयपुर में आयोजित पांचवी राजस्थान स्टेट जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे टीम के कोच बॉबी सिंह राजावत व टीम मैनेजर कृष्ण कुमार सारस्वत होंगे।

### प्रथम रेण्डमाईजेशन 20 को

**करौली( नि.स. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा आम चुनाव के अंतर्गत मतगणना 4 जून को प्रात: बजे से की जावेगी।जिसके लिये गणन पर्यवेक्षक,गणन सहायक एवं माईक्रो पर्यवेक्षक की नियुक्ति का प्रथम रेण्डमाईजेशन 20 मई को व द्वितीय रेण्डमाईजेशन 2 जून को किया जायेगा। उन्होने बताया कि उक्त मतगणना के लिये गणन पर्यवेक्षक, गणन सहायक एवं माईक्रो पर्यवेक्षक का प्रथम प्रशिक्षण 23 मई को व द्वितीय प्रशिक्षण 2 जून को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित टाउन हॉल मे दो परियों मे प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक एवं अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक दिया जायेगा। इस संबंध मे उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किये है।

### आज 3 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**करौली ( नि.स. )।** करौली के 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी फीडर हिंडौन गेट पर आज गुरुवार को प्रात 3 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जयपुर डिस्कॉम करौली के सहायक अभियंता ए प्रथम ललित बाबर ने बताया कि 132 केवी सब स्टेशन करौली से निकलने वाले 11 केवी फीडर हिंडौन गेट पर मरम्मत कार्य होने के कारण आज गुरुवार को प्रात: 7:00 बजे से 10:00 तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी जिससे करौली शहर के राजकीय चिकित्सालय, गायत्री नगर, साईनाथ खिड़कियां, मासलपुर गेट, इंदिरा कॉलोनी, तांबेकीटोरी, 132 केवी कॉलोनी आदि क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### विश्व शांति यज्ञ का आयोजन 16 मई से

**भरतपुर ( निस )।** आर्य उप प्रतिनिधि सभा भरतपुर के द्वारा 26 वॉ आर्य महासम्मेलन एवं विश्व शांति यज्ञ का आयोजन गुरुवार से 16 मई से 19 मई 2024 तक वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट भरतपुर पर हो रहा है। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की यज्ञ के ब्रह्म स्वामी सच्चिदानंद होंगे एवं भजन उपदेशक रामनिवास हरियाणा एवं नरदेव आर्य होंगे। मीडिया प्रभारी संगठन मंत्री देवेंद्र भारद्वाज ने अवगत कराया कि 16 मई को महर्षि दयानंद वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट भरतपुर से बिजली घर मुख्य बाजार गंगा मंदिर चौवुर्जा लक्ष्मणजी कोतवाली होते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी जो वापस साधु आश्रम पर ही संपन्न होगी। 16 मई को प्रात: 8 बजे से यज्ञ हवन का कार्यक्रम रहेगा जो 10 बजे तक चलेगा और 2 बजे से लेकर 5.30 बजे तक भजन उपदेश और प्रवचन के कार्यक्रम होंगे अत: सभी भरतपुर वासियों से निवेदन है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहयोग दें और अपनी उपस्थिति दर्ज करें और शोभायात्रा में भाग लें और बाजार में जो भी शोभा यात्रियों का शोभायात्रा का स्वागत सम्मान जलपान करना चाहे उनका स्वागत है। आर्य समाज वेद के सिद्धांतों पर वेद के प्रचार में और वेदों की ओर लोटो का नारा देता है अत: आप सभी से निवेदन है कि वेद के प्रचार में धर्म के प्रचार में आगे आएं और तन मन धन से हमारा सहयोग करें।

### प्रशिक्षण शिविर समर कैंप आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड भरतपुर एवं सनातन स्कूल भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर समर कैंप का आयोजन सनतान स्कूल रंजीत नगर भरतपुर में आयोजित कर रहा हैं। समर कैंप में निम्न विषयों में सिलाई, पेन्टिंग, ड्राइगं, मेहन्दी, व्यूटीशियन, सॉफटॉइज, महिला आत्म सुरक्षा वॉरशॉप, इंगलिश स्पोकन, कम्प्यूटर, ऐंकरिंग, गीत, संगीत, नृत्य (डांस) पर्सनलिटि डवलपमेंट, फलेमलेस कुकिंग, गार्डनिंग, फानिक्स साथ ही खेलों में मार्शल आर्ट, कराटे -तायक्वाडों, शतंरज, टेनिस, टेबिल टेनिस, बेडमिनिटन, स्केटिंग मिनी स्पोर्ट्स (सॅक रेस, ओबस्टेकल, बॉल गेम) एवं स्वीमिंग का प्रशिक्षण कुशल, प्रशिक्षित ,दक्ष एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जायेगा। स्काउट गाइड द्वारा इस समर कैंप का आयोजन करने का उद्देश्य शहर की प्रतिभाओं कों टेलेन्ट सर्च द्वारा निखरना। उनकें श्रम के प्रति निष्ठा स्वावलम्बन एवं आत्मविशवास एवं आदि गुणों का विकास एवं ग्रीष्मवकाश के समय का सदूपयोग करने की दृष्टि से किया जा रहा है।

# चोरों का आतंक, लगातार हो रही है मोटरसाइकिल चोरी

- बीते 15 दिन में आधा दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी जा चुकी हैं लेकिन पुलिस उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय पर पुलिस प्रशासन की नाकामी के चलते मोटरसाइकिल चोर लगातार सक्रिय होते दिखाई दे रहे हैं जो आए दिन वाहन चोरी की वारदातों को खुले आम अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं बीते 15 दिन में आधा दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी जा चुकी हैं लेकिन पुलिस उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है।

करौली पुलिस प्रशासन की गस्त व्यवस्था नहीं होने और लचीलेपन के कारण चोर गिरोह सक्रिय दिखाई दे रहे हैं जो शहर के बाजारों,कॉलोनी और मोहल्ला से दिनदहाड़े मोटरसाइकिलों को चोरी कर ले जाने में सफल हो रहे हैं। लेकिन पुलिस उनका सुराग तक नहीं लग पा रही है जिसके चलते लोगों में भय, डर का माहौल व्याप्त है।

ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया करौली शहर के गुलाब बाग स्थित जिला आयुर्वेद कार्यालय में कार्यरत कार्मिक सतीश चंद्र शर्मा प्रात: कार्यालय में ड्यूटी पर आए जिन्होंने अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो कार्यालय में खड़ी कर दी। इस दौरान घात लगाए बैठा चोर मोटरसाइकिल को चुराकर ले गया जो सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है। कार्मिक सतीश शर्मा ने चोरी गई मोटरसाइकिल की सूचना पुलिस को दी लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया इसके अलावा भी करौली शहर के कई बाजारों और कॉलोनी से अब तक आधा दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी जा चुकी हैं।

यही नहीं चोरों ने करौली के शिकारगंज क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जहां से चोर सीसीटीवी कैमरे को भी चोरी करके ले गए जिसकी विद्यालय के प्रधान अध्यापक ने करौली कोतवाली में शिकायत सौपी थी। देखने लायक यह है कि पुलिस की लचीली कार्यप्रणाली के चलते चोर गिरोह बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिसके चलते लोग डरे और सहमे हुए से नजर आ रहे हैं।

## आरोपी को गिरफ्तार किया

**भरतपुर ( निस )।** वैर थाना पुलिस ने धोखाधडी कर दुकान का एग्रीमेन्ट कराकर 16 लाख रूपये हडपने के एक आरोपी को गिरफतार किया गया। 6 जून 2023 को गांव सुहास थाना वैर निवासी भगवानसिंह पुत्र पूरनसिंह उम्र 62 साल जाति गुर्जर टोडेवाला मौहल्ला कस्वा वैर निवासी रमाकान्त गर्ग पुत्र पूरनचन्द उम 47 साल जाति वैश्य बगैराह 7-8 जनों के विरूद्व प्रार्थी को कस्वा वैर स्थित दुकान बेचने के एवज में दुकान का एग्रीमेन्ट कराकर धोखाधडी कर 16 लाख रूपये हडप लेने का एक मामला थाना वैर पर दर्ज कराया गया था। थानाधिकारी जनकसिंह मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान इस मामले में वांछित चल रहे आरोपी रमाकान्त गर्ग पुत्र पूरनचन्द उम 47 साल जाति वैश्य निवासी टोडेवाला मौहल्ला कस्वा वैर को गिरफतार किया गया है।

## फांसी लगाकर आत्महत्या की

**डीग ( निस )।** डीग सदर थाना क्षेत्र के गांव मोरोली मे अज्ञात कारणो के चलते मंगलवार को मथुरा प्रसाद 38 साल निवासी मोरोली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मथुरा प्रसाद मजदूरी करता था। मजदूरी करने के बाद मथुरा प्रसाद घर लौट कर आया और अपने कमरे में चला गया कमरे में जाने के बाद मृतक मथुरा प्रसाद की परिजनों ने मथुरा प्रसाद के घरवाले खाना खाने के लिए बुलाने गए हुए थे। कमरे में मथुरा प्रसाद फांसी से लटका हुआ। मिला मथुरा प्रसाद के पिता ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी सूचना के बाद जनूथर पुलिस ने मथुरा प्रसाद के शब को कब्जे में लिया पुलिस शव को डीग अस्पताल लेकर आई। जहां डॉक्टरो ने मथुरा प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। मथुरा प्रसाद दिमाग से मंदबुद्धि था। मृतक के शब को डीग अस्पताल की मोर्चरी मै रखवाया। पुलिस ने मृतक मथुरा प्रसाद का पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनों को सौंप दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। मृतक की शादी 10 मई 2022 को हुई थी मृतक के कोई बच्चा नही था। जनूथर चौकी के हेड कांस्टेबल बलराम ने बताया हमें सूचना मिली की जनूथर के गांव मोरोली में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है जिसकी सूचना पर हम मौके पर पहुंचे मौके पर पहुंचने के बाद हमने मृतक के शव को कब्जे में लिया और डीग अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद बुधवार की सुबह 10.30 बजे पंचनामा की कार्रवाई कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। डॉ गुमान सिंह ने बताया हमारे पास देर रात्रि करीब 12 बजे पुलिस एक व्यक्ति को लाई थी हमने चेक किया तो वह मृत था। इसके बाद हमने शब को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। जिसका सुबह 11 बजे पोस्टमार्टम कराकर शब परिजनों को सौंप दिया है। मृतक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की थी।

## विदाई समारोह आयोजित

**गंगापुर सिटी ।** भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के निदेशक डॉ अनुज कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ कृष्णकांत शर्मा की अध्यक्षता में बीएड के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यत्र्कम आयोजित हुए। महाविद्यालय के बीएड प्रभारी केशव लाल गुप्ता ने बताया कि कार्यत्र्कम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पट के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुई। इसके बाद सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय की छात्रा मोनिका प्रजापत ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यत्र्कम की शुरुआत की। कार्यत्र्कम में एक से एक बढकर एक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यत्र्कम में स्वागत गान एकल नृत्य सामूहिक नृत्य गीत कविता नाटक एवं अन्य रंगारंग कार्यत्र्कम प्रस्तुत किए गए। प्रशिक्षणार्थिया प्रियंका पराशर, ज्योति जांगिड, सुमन मीना ने काली काली थार गाने पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यत्र्कम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के निदेशक डॉ अनुज कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जो यहां सीख रहे हैं उसे अपने जीवन में अपना कर अपना और अपने देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपना और अपने समाज का निर्माण करने में सहयोग करे। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यत्र्कम की अध्यक्षता कर रहे डॉ कृष्णकांत शर्मा ने सभी छात्र अध्यापक एवं छात्रा अध्यापिकाओं को नियमित अध्ययन की महत्वता से परिचित करवाया तथा कहा की जो छात्र छात्राएं महाविद्यालय की गतिविधियों में भाग लेते है उनके व्यक्तित्व सर्वागीण विकास होता है।

# सात दिवसीय समर फुटबॉल बेबी लीग का प्रारंभ 19 से

**धौलपुर।** जिला फुटबाल संघ द्वारा फुटबॉल के प्रति खिलाड़ियों में रुझान पैदा करने के उद्देश्य से सात दिवसीय समर फुटबॉल बेबी लीग का प्रारंभ 19 मई से किया जा रहा है। जानकारी देते हुए जिला फुटबाल संघ के सचिव गुरमीत मान ने बताया कि प्रतियोगिता में धौलपुर जिले के 150 से अधिक खिलाड़ी भागीदारी निभा रहे हैं और प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग लेंगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गर्मियों की छुट्टियों का सदुपयोग है और गर्मियों की छुट्टियों में विद्यार्थियों को खेल के माध्यम से मोबाइल से दूर रखना है। साथ ही फुटबॉल खेल के प्रति खिलाड़ियों में रुझान पैदा करना है,जिससे वह फुटबॉल के खेल को बेहतर खेले और प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर धौलपुर जिले का नाम गौरांवित करें।



प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है और नियमित रूप से मैदान की साफ सफाई की जा रही है। नगर परिषद के सहयोग से प्रतिदिन खिलाड़ियों के लिए अच्छा खेल मैदान तैयार करने के लिए सफाई कराई जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी नियमित इंदिरा गांधी स्टेडियम पर अभ्यास करते देखे जा रहे हैं।

# संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने अधिकारियों की बैठक ली

- अधिकारियों को नियमित रूप से कॉलोनियां में जाकर पेयजल आपूर्ति के संबंध में मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए


संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए।

**धौलपुर।** सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी ई-फाइल की स्थिति देखें और लंबित फाइलों का शीघ्र निस्तारण करें, औसत फाईल निस्तारण समय को भी कम करें। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर उनको इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में भौतिक फाइल के स्थान पर ई-फाईल से अधिकतम कार्य किये जायें।

उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की तैयारियां दुरुस्त रखने एवं आमजन की पेयजल संबंधित विभिन्न शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अधिकारियां को नियमित रूप से कॉलोनियां में जाकर पेयजल आपूर्ति के संबंध में मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। लू ताप घात के लिए भी चिकित्सा संस्थानों पर पर्याप्त दवा, ओआरएस आदि के इंतजाम रखने को कहा। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने दिये गये निर्देशों के अनुरूप लंबित कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फील्ड स्टॉफ को निर्देशित किया

**करौली( नि.स. )।** पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीना ने बताया कि जिले मे आगामी दिनों मे गर्मी तथा तापघात का प्रभाव तीव्र होने तथा वातावरण के तापमान मे निरंतर बढोतरी के साथ साथ लू के कारण पशुधन की उत्पादन क्षमता प्रभावित हो सकती है तथा डिहाईड्रेशन, बुखार, एवं गर्भपात इत्यादि से पशुधन हानि की संभावना है। इससे हेतु उन्होने समस्त फील्ड स्टॉफ को निर्देशित किया है कि पशुपालको को तापघात से पशुओं के बचाने के संबंध मे सलाह प्रदान की जाये। संयुक्त निदेशक ने बताया कि पशुओं के लिये छायादार स्थान,पर्याप्त हवा का प्रवाहन,विचरण हेतु पर्याप्त स्थान, भैसवंशीय पशुओं को शाम के समय नहलाना, पशुओं के बाडों पर लगी टाटी पर पानी का छिडकाव करते रहना, शुद्ध पेयजल, सूखे चारे के साथ साथ हरा चारा, भारवाहक पशुओं को दोपहर के समय काम मे नही लेने सहित अन्य सावधानियां ध्यान मे रखकर पशुओं को तापघात से बचाया जा सकता है। उन्होने बताया कि तापघात की स्थिती होने पर छायादार स्थान पर ले जाकर शरीर पर पानी व सिर पर पानी डालना व भीगा कपडा बार बार रखने से पशु को लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्होने बताया कि यदि पशु चारा खाना बंद करे अथवा सुस्त या बीमार दिखाई दे तो ऐसी स्थिति मे पशु चिकित्सक से परामर्श प्राप्त करें।

## अंकित हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों को दंडित करने की मांग


करौली उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपते आदिवासी मीना महासभा के पदाधिकारी

**करौली( नि.स. )।** राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के पदाधिकारियों ने उपजिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अंकित मीना हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों को दंडित करने की मांग की है महासभा के जिलाध्यक्ष राम खिलाड़ी आगिर्री,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकेश सोिियापुरा,डा.वे.एल,रघुनाथ लेदिया,प्रो.रामेश्वर मूंडरी,हरकेश मीना,कुंजीलाल आदि ने बताया कि अंकित मीना निवासी घोडे का विनेगा तहसील एवं जिला गगापुर सिटी का निवासी था।। जिसकी 10 मई को गंगापुर बाईपास के पास समाजकंटकों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। इस हत्याकाण्ड में दोषी सलमान निवासी गगापुर सिटी व अन्य दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जो सराहनीय कदम है। आदिवासी मीना महासभा ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है कि यह केस फास्टट्रैक अदालत को सौपा जायें ताकि न्याय में देरी ना ही अपराधियों को फांसी की सजा दिलवाई जायें ताकि इस प्रकार के अपराधों पर रोक लग सके,मृतक अकित मीना के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाई जावे, नियमानुसार परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मृतक के परिवार को पुलिस सुरक्षा दिलवाई जाए एवं अपराधियों की कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर मृतक को न्याय दिलाने की महासभा पुरजोर तरीके से मांग करती है।